

शानदार प्रदर्शन

कैंटरबरी के लिए खेलते हुए उन्होंने ईडन पार्क के मैदान पर सिर्फ 7 रन देकर 6 विकेट लिए थे। यह टी20 मुकाबले में किसी न्यू जीलैंड के गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। कीवी टीम के पूर्व कोच माइक हेसन ने ट्विटर पर जैमिसन की तारीफ की थी। उन्होंने ट्वीट कर कहा था, एक प्रभावशाली गेंदबाज जिसकी लंबाई 6 फुट 8 इंच है और जो गेंद को स्विंग भी करा सकते हैं।

## कौन हैं 6 फीट 8 इंच के काइली जैमिसन, भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ट्रेंट बोल्ट, लॉकी फर्ग्युसन और मैट हेनरी की चोट न्यू जीलैंड टीम को काफी परेशान कर रही है। इसी के चलते भारत के खिलाफ न्यू जीलैंड की वनडे सीरीज के लिए काइली जेमिसन को शामिल किया गया है। ऑकलैंड के इस तेज गेंदबाज ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। 25 साल का यह युवा गेंदबाज काफी सुर्खियों में है और इसके पीछे वजह भी हैं। दाएं हाथ के इस युवा तेज गेंदबाज का कद 6 फीट 8 इंच है। वह इस समय न्यू जीलैंड में सबसे लंबे क्रिकेटर हैं। न्यू जीलैंड क्रिकेट के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर एक फोटो साझा किया गया है जिसमें वह बल्लेबाजी कोच पीटर फल्टन के साथ खड़े हैं और साफ नजर आ रहा है कि जैमिसन ज्यादा लंबे हैं। जैमिसन का जन्म ऑकलैंड में हुआ। उन्होंने ऑकलैंड, कैंटरबरी और न्यू जीलैंड अंडर–19 की टीम के लिए क्रिकेट खेला है। उन्होंने अभी तक 25 फर्स्ट क्लास मुकाबले खेले हैं जिसमें 72 विकेट लिए हैं।

# फेडरर को हराकर रेकॉर्ड 8वीं बार फाइनल में जोकोविच

ऑस्ट्रेलियन ओपन

### सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने 8वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर को हराकर अपने 17वें ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर एक और कदम बढ़ा दिया है। गुरुवार को उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में फेडरर को हराकर रेकॉर्ड 8वीं बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जगह बनाई। फेडरर ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत की लेकिन वह उसे बचा नहीं पाए। इस स्विस खिलाड़ी को 7–6 (7/1), 6–4, 6–3 से हार का सामना करना पड़ा। दो घंटे 18 मिनट तक चले मैच में मौजूदा विजेता जोकोविक ने फेडरर को 7–6 (7–1), 6–4, 6–3 से बाहर कर 21वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना तोड़ दिया। फाइनल में जोकोविच का सामना पांचवी वरीयता प्राप्त डॉमिनिक थीम और सातवीं वरीयता वाले जर्मन खिलाड़ी



ऐलेक्सजेंडर जवेरेव के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

गुरुवार को मेलबर्न पार्क में हुए मुकाबले में जोकोविच हर लिहाज से फेडरर से आगे नजर आए। दोनों खिलाड़ियों को चिर–प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जाता है लेकिन आंकड़े काफी हद तक जोकोविच के पक्ष में थे। 2018 और 2017 में विजेता बने फेडरर 2019 में चौथे दौर में ग्रीस के स्टीफानोस सितसिपास से हार गए थे। इन दोनों के बीच यह 50वीं भिड़ंत थी। जोकोविक 28 बार और 23 बार फेडरर जीतने में सफल हैं। ग्रैंड स्लैम में यह दोनों के बीच 18वां मुकाबला था, जिसमें से 12 बार जोकोविक जीते हैं।

आस्ट्रेलियन ओपन में पांच बार दोनों के बीच मुकाबला हुआ है और सिर्फ एक बार फेडरर को जीत मिली है। उन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम मुकाबले में जोकोविच को बीते करीब सात साल से नहीं हराया है। पिछली बार 2012 में उन्होंने विंबलडन के फाइनल में जोकोविच को मात दी थी।

इस ऑस्ट्रेलियन ओपन में फेडरर का सफर बहुत मुश्किल रहा। तीसरे राउंड में वह जॉन मिलमैन के खिलाफ हार के काफी करीब पहुंच गए थे और मंगलवार को क्वॉर्टर फाइनल में उन्होंने अमेरिका के टैनी सैंडग्रन के खिलाफ सात मैच पॉइंट बचाकर मैच जीता था।

20 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने इस मैच में शुरुआत अच्छी की। जोकोविच शुरुआत में अपनी सर्विस के साथ स्ट्रगल करते दिख रहे थे जिसका फायदा स्विस खिलाड़ी ने उठाया। फेडरर पहले सेट में 4–1 और जोकोविच की सर्विस पर 40–0 से आगे थे लेकिन इसके बाद सर्बियाई खिलाड़ी ने तीन ब्रेकपॉइंट बचाते हुए अपनी पहली सर्विस जीती। फेडरर ने कई अनफोर्स्ड एरर किए जिसका फायदा जोकोविच ने उठाया।

# इंस्टाग्राम पर कोहली का मेसेज, जीवन वरदान है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने अपने खेल से दुनियाभर के लोगों को अपना प्रशंसक बनाया है। सोशल मीडिया पर भी कोहली बहुत ऐक्टिव हैं और उनके लाखों चाहने वाले हैं। कोहली ने अपनी हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा है– 'लाइफ इस ब्लेसिंग'।

हैमिल्टन में न्यू जीलैंड को सुपर ओवर में हराने के बाद कोहली ने प्रकृति के साथ कुछ समय बिताने का फैसला किया और इसी दौरान उन्होंने यह पोस्ट लिखा। अपने पोस्ट में कोहली एक झील के किनारे की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दे रहे हैं।

इससे पहले बुधवार को भारत ने सीरीज के न्यू जीलैंड को



सुपर ओवर में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3–0 की बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने न्यू जीलैंड में पहली बार कोई टी20 सीरीज जीती है।

इस मैच में कोहील टी20 इंटरनैशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़कर यह मुकाम हासिल किया। कोहली ने कप्तान के रूप सिर्फ अपने 37वें मैच में 1112 रन बनाकर धोनी को पीछे छोड़ा। साउथ अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस टी20 इंटरनैशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले कप्तान हैं। डु प्लेसिस ने टी20 इंटरनैशनल में 1273 रन बनाए थे। न्यू जीलैंड के कप्तान केन विलियमसन के नाम 1148 रन हैं।

## वाइट बॉल फॉर्मेट में वापसी को बेताब उमेश यादव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय पेसर उमेश यादव सीमित ओवरों के फॉर्मेट में वापसी को बेताब हैं। उन्होंने एक खास इंटरव्यू में कहा कि ऐसा कौन सा खिलाड़ी है जो मैदान से बाहर बैठना चाहता है। उमेश ने कहा, मैं वाइट बॉल (सीमित ओवरों में) क्रिकेट खेलने को बेताब हूं। कौन खिलाड़ी है जो मैदान से बाहर बैठना चाहता हैं। मैं भी इंसान हूं। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और सीमित ओवरों में खेलना चाहता हूं।

उमेश यादव 2015 वनडे वर्ल्ड कप में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने तब 8 मैचों में कुल 18 विकेट झटके। विदर्भ का यह गेंदबाज तब से 27 वनडे इंटरनैशनल मैच खेल सका है जिनमें कुल 39 विकेट झटके। उन्होंने 2018 में आखिरी बार वनडे मैच खेला जो वेस्ट इंडीज के खिलाफ था। उन्हें पिछले साल इंग्लैंड में खेले गए वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया था। उन्होंने कहा, मुझे 2015 वर्ल्ड कप में जगह मिली थी, तब काफी बुरा लगा था। अब चाहे टी20 हो या वनडे, मैं वापसी करने को बेताब हूं। मैं सिलेक्टर्स के लिए शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।

## न्यूज डायरी





## सोफिया केनिन और मुगुरुजा के बीच होगा महिला एकल फाइनल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। 30 जनवरी (आईएएनएस)। अमेरिका की सोफिया केनिन और स्पेन की गारबाइन मुगुरुजा के बीच ऑस्ट्रेलियन ओपन का महिला एकल फाइनल खेला जाएगा। मुगुरुजा ने वर्ल्ड नंबर–3 रोमानिया की सिमोना हालेप को हराकर साल के पहले इस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में गुरुवार को प्रवेश कर लिया। उनसे पहले केनिन ने उलटफेर करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एशले बार्टी को हराकर बाहर कर दिया। मुगुरुजा और केनिन पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। 14वीं वरीयता प्राप्त केनिन का तो यह पहला ही ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन मुगुरुजा ने महिला एकल के सेमीफाइनल में हालेप को 7–6, 7–5 से मात दी। मुगुरुजा ढ़ाई साल बाद किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचीं। स्पेनिश खिलाड़ी ने दो घंटे पांच मिनट में यह मुकाबला अपने नाम किया। मुगुरुजा को इस टूर्नामेंट में कोई सीड नहीं मिली थी। 2014 के बाद से यह पहली बार है जब उन्हें किसी टूर्नामेंट में सीड नहीं दिया गया है।

## एनसीए को बदलकर 500 करोड़ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की नैशनल क्रिकेट अकैडमी को बदलकर नया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (ब्म) बनाने की योजना है, जिसकी लागत लगभग 500 करोड़ रुपये हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रॉजेक्ट के पूरा होने में 1–2 साल लग सकते हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, श्परियोजना के लिए कोई विशेष राशि नहीं दी जा सकती है। हर काम के लिए टेंडर जारी किए जाएंगे लेकिन शुरुआती ब्लूप्रिंट के आधार पर, यह अनुमान लगाया जा रहा है कि परियोजना की लागत लगभग 500 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना में छह महीने की देरी है, लेकिन बीसीसीआई की नई टीम के साथ काम जोरों पर शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड को उम्मीद है कि यह सेंटर 1–2 साल में शुरू हो जाएगा। एनसीए के निदेशक राहुल द्रविड़ इसमें सक्रिय रूप से शामिल हैं।

## रोहन बोपन्ना की हार के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन में भारतीय चुनौती समाप्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। भारत के रोहन बोपन्ना और यूक्रेन की उनकी जोड़ीदार नादिया किचेनोक को गुरुवार को यहां ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिक्स्ड डबल्स के क्वॉर्टर फाइनल में हार गए। बोपन्ना और नादिया को सीधे सेटों में मिली हार के साथ साल के पहले ग्रैंडस्लैम में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई। भारत और यूक्रेन की जोड़ी को 47 मिनट चले एकतरफा मुकाबले में निकोला मेकटिच और बारबोरा क्रेसिकोवा की पांचवी वरीय जोड़ी के खिलाफ 0–6 2–6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। बोपन्ना और नादिया की जोड़ी शुरू से ही जूझती दिखी और अपनी सर्विस बरकरार रखने में विफल रही। क्रोएशिया और चेक गणराज्य की जोड़ी ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया और बिना कोई गेम गंवाए पहला सेट जीत लिया।

## भारतीय निशानेबाजों के पास तोक्यो ओलंपिक में पदक का वास्तविक मौका: बिंद्रा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलंपिक में देश के एकमात्र व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता के तमगे से 'उब' चुके अभिनव बिंद्रा ने कहा कि भारत के युवा निशानेबाजों के पास तोक्यो ओलंपिक में सफलता हासिल करने का वास्तविक मौका रहेगा। भारत ने निशानेबाजी में रिकार्ड 15 कोटा स्थान हासिल किये हैं। इस दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने राइफल पिस्टल विश्व कप और सत्र के आखिरी विश्व कप फाइनल्स में अच्छा प्रदर्शन किया था। रियो ओलंपिक में भारतीय निशानेबाज पदक जीतने में नाकाम रहे थे। बिंद्रा ने 'ओलंपिक चौनल' से कहा, ''हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है और उन्हें बहुत अच्छी सुविधाएं मिल रही हैं।